बाजार में चीनी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हटाई स्टॉक सीमा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: चालू पेराई सीजन में चीनी का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले अधिक हो गया है। बाजार में चीनी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने मंगलवार को चीनी की स्टॉक सीमा को तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। इससे बाजार में चीनी के मूल्य में उतार-चढ़ाव की संभावना पर रोक लग गई है। उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों का भुगतान हाथों हाथ हो रहा है।

चालू पेराई सीजन में कुल 249 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान है, जो घरेलू मांग के हिसाब से पर्याप्त है। दिसंबर मध्य तक देश की कुल 469 चीनी मिलों में पेराई चालू हो गई है, जबकि पिछले साल 449 मिलों में ही पेराई शुरू हुई थी। इन मिलों में अब तक 69.40 लाख टन चीनी का उत्पादन हो गया है, जो पिछले साल इसी अवधि के 53.46 लाख टन से 15.94 लाख टन अधिक है।